## एक नजर

### नामांकन के आखिरी दिन कई लोगों ने किया पर्चा दाखिल

**दातागंज।** दातागंज तहसील वार वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को हो रहे नामांकन के आखिरी दिन अध्यक्ष पद के लिए अजय कुमार, दिनेश बाबू सक्सेना व राजेन्द्र सिंह राठौर ने नामांकन पत्र दाखिल किए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए वेद प्रकाश सिंह व सामान्य सचिव के लिए संतोष कुमार सिंह व दिनेश कुमार कठेरिया के बीच घमासान होने की संभावनाएं बन गई हैं। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा गुरुवार को नाम वापसी के बाद चुनाव की सरगर्मियां तेज हो जायेंगी। 13 मई को मतदान व उसी दिन शाम को परिणाम आयेंगे।

### सीमेंट व्यापारी की मां का निधन,जताया दुख

**बिल्सी।** नगर के मोहल्ला संख्या पांच बाईपास मार्ग निवासी सीमेंट व्यापारी नितिन वाष्र्णेय की मां चंद्रवती वाष्र्णेय का मंगलवार की दोपहर हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार कछला घाट पर किया गया। उनके निधन पर व्यापारी नेता लोकेश बाबू वाष्र्णेय, सुधीर सोमानी, चंद्रसैन माहेश्वरी, प्रफुल्ल कुमार, परमानन्द कैलाशी, लव कुमार, दीपक चौहान, राहुल वाष्र्णेय, विजनेश सोंलकी, नीलकमल, संजीव राणा, डीके गुप्ता, विजय वाष्र्णेय आदि ने गहरा दुख जताया।

# एडी हेल्थ से बोली प्रसूता- छह हजार लेकर किया ऑपरेशन

## एडी हेल्थ ने जिला और जिला महिला अस्पताल का किया निरीक्षण, सीएमएस के सामने प्रसूता ने लगाया रुपये लेने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में निरीक्षण को आयीं एडी हेल्थ डॉ. पुष्पा पंत ने तीसरी मंजिल पर वार्ड में भर्ती प्रसूता से हाल चाल जाना, प्रसूता ने बताया कि छह हजार रुपए लेकर उसका ऑपरेशन किया गया है। सीएमएस के सामने महिला ने अवैध वसूली की शिकायत की। इस पर उन्होंने महिला का नाम पता लिख कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अन्य महिलाओं ने भी कई तरह की शिकायतें कीं।

एडी हेल्थ पुष्पा पंत मंगलवार को यहां निरीक्षण को पहुंचीं। वह सीधे सीएमएस कार्यालय पहुंचीं। लेकिन सीएमएस नहीं मिले। उन्हें फोन करके बुलाया गया। सीएमएस के साथ बात करने के बाद वह अस्पताल की ओपीडी में पहुंचीं। जहां पर भिस्ती के पद पर तैनात युवक पैथोलॉजी लैब में काम करता मिला। बाल रोग विशेषज्ञ अपनी ओपीडी में नहीं मिले। उसके बाद वह दूसरी मंजिल पर पहुंचीं। उन्होंने प्रसव कराने वाली महिलाओं का रजिस्टर चेक किया। कौन कहां पर ड्यूटी पर तैनात है, इसका जायजा लिया। तीसरी मंजिल पर ऑपरेशन के बाद भर्ती प्रसूताओं से व्यवस्थाओं के बारे में पूछा तो एक महिला ने कहा कि उससे ऑपरेशन करने के छह हजार रुपए लिए गए हैं। महिला की शिकायत पर एडी हेल्थ के साथ मौजूद स्टाफ ने महिला को डांट कर चुप कराने का प्रयास किया, मगर महिला ने खुल कर बताया कि उससे जबरन रुपए लिए गए। जिस पर एडी हेल्थ ने महिला का नाम पता नोट कर लिया और कार्रवाई करने का भरोसा दिया। कई अन्य महिलाओं ने गंदगी की शिकायत की। जबकि कुछ प्रसूताओं ने अच्छा खाना नहीं मिलने की शिकायत की। शिकायतों पर उन्होंने सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा से पूछताछ की और व्यवस्थाएं सुधारने के साथ ही अवैध वसूली पर रोक लगाने के निर्देश दिए। एडी हेल्थ ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से भी उनके कार्य के बारे में बात की, कई कर्मचारियों को डांटा और निष्ठा के साथ काम करने की नसीहत दी। सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा ने कहा कि महिलाएं झूठी शिकायतें कर रहीं हैं। किसी से रुपए नहीं लिए गए हैं। इस तरह की शिकायतें होती रहती हैं।

**लिफ्ट ठीक करने के दिए निर्देश, गंदगी हुई तो होगी कार्रवाई :** जिला महिला अस्पताल की लिफ्ट करीब पांच साल से खराब है। कई बार ठीक कराने को पत्र लिखे गए मगर लिफ्ट ठीक नहीं हो सकी। मंगलवार को यहां निरीक्षण को आयीं एडी हेल्थ डॉ. पुष्पा पंत से भी लिफ्ट खराब होने की शिकायत की गयी तो उन्होंने खुद लिफ्ट देखी। उन्होंने कहा कि लिफ्ट को जल्द ठीक कराया जाए। इस पर सीएमएस ने बताया कि मार्च में लिफ्ट ठीक कराने को टेक्नीशियन आए थे। करीब पांच दिन काम किया और चले गये लेकिन काम पूरा नहीं हो सका है।

**स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के दिए निर्देश :**

एडी हेल्थ ने सीएमओ कार्यालय में स्वास्थ्य अधिकारियों से जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बारे में जानकारी ली। एडी हेल्थ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों पर किसी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए। दवाएं पर्याप्त मात्रा में मौजूद रहें। सीएमओ डा. अब्दुल सलाम खान को निर्देश दिए कि वह स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करते रहें।


जिला अस्पताल की इमरजेंसी में रजिस्टर देखतीं एडी हेल्थ डॉ. पुष्पा पंत।

### वार्डों में जाकर पूछा मरीजों का हाल, स्टाफ से की बात

महिला अस्पताल के निरीक्षण से पहले एडी हेल्थ डॉ. पुष्पा पंत मंगलवार को पूर्वान्ह साढ़े 11 बजे जिला अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने पहले सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह व स्टाफ से बातचीत की। उसके बाद अस्पताल का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने इमरजेंसी कक्ष में जाकर घायलों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने आईसीयू को बाहर से ही देखा। इसके बाद उन्होंने डायलिसिस यूनिट में जाकर स्थिति देखी। मलेरिया वार्ड में मरीजों से बात करके यहां से मिलने वाली दवाओं के बारे में पूछताछ की। हीट स्ट्रोक रूम में भर्ती मरीजों से पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने ब्लड बैंक में जाकर वहां पर उपलब्ध ब्लड के बारे में जानकारी ली जिस पर बताया गया कि सभी ग्रुप का ब्लड उपलब्ध है। उन्होंने ब्लड के रखरखाव की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के बाद जब एडी हेल्थ से पूछा गया कि यहां पर बाहरी लोग कई सालों से काम कर रहे हैं इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमएस को निर्देश दिए के अति शीघ्र बाहरी लोगों को हटाया जाए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था चौकस रखी जाए। सुरक्षा गार्ड लेने को सीएमओ से बात करें और यदि जरूरत पड़ेगी तो वह खुद सीएमओ से बात कर समस्या का समाधान कराएंगी।

### ऑक्सीजन प्लांट जल्द चालू कराने की दी हिदायत



तीन महीने से बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करने पहुंची एडी हेल्थ ने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट बंद होना मरीजों के हित में नहीं है। इसे जल्द चालू कराने को लखनऊ को पत्र लिखा जाए जिससे इस मामले में देरी न हो। गर्मियों के समय में कई तरह के मरीज आते हैं कभी भी ऑक्सीजन की जरूरत पड़ सकती है। सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले लखनऊ से टेक्नीशियन आए थे तीन दिन तक मरम्मत की जिसके बाद दो दिन प्लांट चालू रहा उसके बाद प्लांट का कंप्रेसर फुंक गया जिससे ऑक्सीजन प्लांट बंद हो गया। अब फिर से साइरिस कंपनी को पत्र लिखा गया है और प्लांट को जल्द चालू कराने को कहा गया है।

### बिना एप्रन के मिले सीएमएस और डॉक्टर

जिला अस्पताल में आज भी कई डॉक्टर बिना एप्रन के नजर आए। साथ ही सीएमएस भी बिना एप्रन के एडी हेल्थ के साथ भ्रमण पर रहे। जब उनसे एप्रन के बारे में पूछा गया तो एडी हेल्थ भी मुस्कराने लगीं। बिना कुछ बोले वह आगे निकल गयीं। सीएमएस भी बिना एप्रन के थे तो वह भी असहज नजर आए। अस्पताल में जितने बड़े चिकित्सक हैं वह भी एप्रन नहीं पहनते हैं इसलिए आज भी वह बिना एप्रन के ही नजर आए।

## महिला कार्मिकों को मतदान केंद्र से घर जाने की मिलेगी सुविधा

**बदायूं, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाली महिला कार्मिक बूथ पर पहुंचने के बाद सारी प्रक्रियाएं पूरी कर रात में अपने घर जा सकेंगी। परंतु उन्हें मतदान दिवस पर मॉक पोल से पूर्व ही मतदेय स्थल पर पहुंचना होगा।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बदायूं संसदीय सीट पर सात मई को मतदान होना है। चुनाव में 15 हजार से अधिक कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें महिला कार्मिक भी शामिल हैं। उप निर्वाचन अधिकारी डॉ. वैभव शर्मा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार महिला कार्मिकों की ड्यूटी उनकी ही विधानसभा क्षेत्र में लगाई जाएगी। महिला कार्मिकों को मतदेय स्थल पर पहुंचने के बाद सारी प्रक्रियाओं को पूरा करना होगा। उसके बाद वह रात्रि विश्राम के लिए घर जा पाएंगी। उन्हें मतदान दिवस पर सुबह मॉक पोल से पूर्व ही पोलिंग बूथ पर पहुंचना होगा। बताया कि मतदान में लगे कार्मिकों को दिए जाने वाले बस्ते में सभी कार्मिकों के पद वार पहचान पत्र दिए जाएंगे। पहचान पत्र पर विभागाध्यक्ष द्वारा किए हस्ताक्षर मान्य होंगे। अब तक सहायक निर्वाचन अधिकारी की मुहर व हस्ताक्षर होते थे।




## बिल्सी विधायक हरीश शाक्य के विरोध में की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में एक कार्यक्रम में विधायक हरीश शाक्य के खिलाफ नारेबाजी की गई। लोगों ने नारेबाजी कर रहे लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। बाद में विधायक वहां से चले गए।

भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में क्षत्रिय महासभा की ओर से कस्बा उझानी के क्षत्रीय भवन में कार्यक्रम हो रहा था। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा के अलावा पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य शामिल होने पहुंचे। एक चौक को लेकर बात छिड़ गई। अचानक कुर्सी पर बैठे एक व्यक्ति ने विधायक हरीश शाक्य के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ अन्य लोगों ने भी उसका साथ दिया। उस व्यक्ति को समझाने की कोशिश की गई लेकिन वह नहीं माना। लगातार विधायक के खिलाफ बोलता रहा। इसके बाद लोग विधायक को गेट तक लेकर आए और गाड़ी में बैठाकर भेज दिया। विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि ज्यादा विवाद नहीं हुआ था। एक व्यक्ति शराब के नशे में था। उसने कुछ बोला था। समझाया तो शांत हो गया था। इसके बाद एक घंटे तक लोगों की समस्याएं भी सुनीं। खाना खाकर ही वापस लौटे थे।


लोगों को समझाते विधायक हरीश शाक्य।

- भाजपा उम्मीदवार के सम्मान समारोह में पहुंचे थे विधायक हरीश शाक्य

## सार -संक्षेप

### डीएम व एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**बदायूं।** जिला मजिस्ट्रेट मनोज कुमार और एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बंदी बैरकों, पाकशाला व अस्पताल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। डीएम और एसएसपी ने जिला कारागार में बंदी बैरकों की तलाशी कराई। लेकिन कोई भी आपत्तिजनक वस्तु उन्हें नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने बंदियों से वार्ता की। वहीं अस्पताल में पहुंचकर भर्ती बंदियों से वार्ता कर अभिलेखों और दवाइयों को देखा।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**आसफपुर।** क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान में सेवारत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चंद्र पाल दिवाकर मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने शॉल ओढ़ाकर और फूल माला पहनाकर विदाई दी। साथ ही उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया। इस मौके पर पंकज कुमार, सर्वेश कुमार यादव, हर्ष कुमार अग्रवाल, प्रेम सागर यादव, गोपाल कृष्ण कश्यप, अमित कुमार, राजेंद्र यादव, रामबहादुर वाल्मीकि, वीरेंद्र कुमार कश्यप आदि मौजूद रहे।

### बैठक में ब्राह्मणों के हित को लेकर हुई चर्चा



**बदायूं।** दातागंज के गांव पड़ेली में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की एक बैठक में ब्राह्मण हितों पर चर्चा की गयी। कई ब्राह्मण परिवारों को संगठन से जोड़ा गया। बैठक में परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा की मां के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सचिव राम अवतार मिश्रा ने की तथा संचालन कैलाश चंद्र मिश्र ने किया। प्रदेश सचिव ने कहा कि ब्राह्मणों के हितों की रक्षा करने को संगठन कटिबद्ध है। इस मौके पर ओम प्रकाश पांडे, रमाकांत मिश्रा, सुनील कुमार मिश्रा, रूपम पाठक, गोपाल कृष्ण पाठक, राजेश पाठक, पड़ेली के लक्ष्मी नारायण पांडे, रवि नंदन शर्मा, राजकुमार शर्मा, प्रमोद शर्मा रूपेंद्र शर्मा, शैलेंद्र पाठक, सुभाष शर्मा, अखिलेश शर्मा आदि रहे।




# नहीं आ रहा सफाई कर्मचारी, भड़के लोग

संवाददाता, कुंवरगांव

- ग्रामीण खुद कर रहे नालियों की सफाई, किया प्रदर्शन

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्रामों में सफाई व्यवस्था चरमरा गयी है। जिससे गांव-गांव गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। सफाई कर्मी गांव में नहीं पहुंच रहे हैं। जिससे ग्रामीणों ने खुद ही सफाई करनी शुरू कर दी है। ग्रामीणों को भय है कि गंदगी के कारण संक्रामक रोग न फैल जाएं।

ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मचारी गांवों में सफाई करने को नहीं पहुंच रहे हैं। कुछ सफाई कर्मचारी नेताओं की शह पर मौज मस्ती करते हैं तो कुछ ब्लॉक पर रह कर बाबू का काम देख रहे हैं। ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के गांव करौतिया में


नाली साफ करते ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन।

करीब दो महीने से सफाई कर्मचारी नहीं आ रहा है, जिससे गांव की नालियां बजबजा रही हैं। जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। मच्छर पनप रहे हैं। ग्रामीणों को संक्रामक रोग फैलने का डर सता रहा है । मंगलवार को ग्रामीणों ने खुद फावड़ा और झाड़ू उठाकर सफाई करना शुरू कर दी। गांव में सफाई कर्मचारी न आने से विरोध प्रदर्शन किया और अधिकारियों से शिकायत कर सफाई कराने की मांग की । इस मौके पर अनवर, आदिल, कैशर ,साहेब आदि मौजूद रहे । इस संबंध में एडीओ पंचायत खालिद अली का कहना है कि शिकायत मिली है, सफाई कर्मचारी दो महीने से नहीं पहुंच रहा है। पिछले महीने का वेतन भी रोका गया था, इस माह का भी वेतन रोक दिया है कार्रवाई के लिए डीपीआरओ को लिखा है।

## जिले में दो हजार हेक्टेयर जमीन पर कराई जाएगी जैविक खेती

# ब्लॉकों में बनेंगे क्लस्टर, कराई जाएगी जैविक खेती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले में दो हजार हेक्टेयर जमीन पर कराई जाएगी जैविक खेती

**अमृत विचार:** खरीफ सीजन में जिले के अंदर करीब दो हजार हेक्टेयर भूमि पर जैविक खेती की जाएगी। इसके लिए सभी ब्लॉकों में किसानों के दस-दस क्लस्टर बनाए जाएंगे। जैविक खेती करने के लिए किसानों को कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर बीज के साथ ही अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे किसान आसानी से खेती कर सकें। साथ ही अन्य को इस खेती के प्रति प्रेरित कर सकें।

सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित कर रही है। जिससे रासायनिक खेती छोड़ किसान परंपरागत जैविक खेती की ओर अग्रसर हो सकें। पिछले दो साल से सरकार किसानों को जैविक खेती करने के लिए सहूलियत प्रदान कर रही है। इस बार भी सरकार का रुख किसानों को उन्नत बनाने और जैविक खेती के प्रति प्रेरित करने की ओर है। खरीफ सीजन में दो हजार हेक्टेयर भूमि पर जैविक खेती कराई जाएगी। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार का कहना है कि जैविक खेती के उत्साह जनक परिणाम सामने आए हैं। इसको देखते हुए खरीफ सीजन में जैविक खेती दो हजार हेक्टेयर में कराई जाएगी। इसके लिए सभी ब्लॉकों में दस-दस क्लस्टर बनाए जाएंगे। जैविक खेती करने के लिए किसानों को अनुदान पर बीज तथा अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

### गोमूत्र और गोबर से तैयार होती है खाद

जैविक खेती में रासायनिक खाद का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं किया जाता है। इसके स्थान पर गोमूत्र एवं गोबर का प्रयोग किया जाता है। उपनिदेशक का कहना है कि प्रत्येक ब्लॉक में दस-दस क्लस्टर बनाए जाएंगे। नए किसानों का चयन खरीफ सीजन आरंभ होने से पहले कर लिया जाएगा। जिससे समय पर किसान खेतों को तैयार कर फसल की बुवाई कर सकें।

## एक नजर

### खोवा को लेकर विवाद व्यापारियों को पीटा

**दातागंज।** खोवा मंडी के ठेकेदार बब्लू यादव ने बताया कि मंगलवार दोपहर एक व्यक्ति ने मंडी से एक किग्रा खोवा खरीदा था। तौल कराने के लिए वह दूसरे कांटे पर गया। जहां विवाद हो गया। ठेकेदार और अन्य खोया व्यापारियों ने मामला शांत करा दिया था। इसी दौरान व्यक्ति ने अपने परिचितों को फोन करके बुला लिया। आधा दर्जन लोग लाठी-डंडे लेकर आए और व्यापारियों को पीटने लगे। व्यापारी महावीर, उनका बेटा राज, सतीश, मुनेंद्र घायल हो गए। घायलों को दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। महावीर और राज की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### उधार दिए ढाई लाख नहीं लौटा रहा युवक

**कुंवरगांव।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव ढकिया निवासी जागन ने पुलिस को बताया कि गांव अर्सिस निवासी आर्येंद्र यादव पुत्र संजय यादव ने बोलेरो कार खरीदने के लिए उससे ढाई लाख रुपए उधार लिए थे और दो महीने में रुपये वापस करने का वादा किया था। रुपए मांगने पर आरोपी ने ब्लैंक चेक दे दिए, जो बाउंस हो गए। 10 फरवरी को पीड़ित की लड़की की शादी थी। उसने आर्येंद्र से कार चलाने के लिए ली थी। आरोप है कि रात में आरोपी कार चोरी कर ले गया। उस समय मामला बिनावर थाने पहुंचा था। तब आरोपी ने रुपये देने वादा किया था, लेकिन रुपये नहीं दिए। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो युवकों समेत तीन की मौत, एक गंभीर घायल

## थाना जरीफनगर और वजीरगंज क्षेत्र में सोमवार देर शाम हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं/ वजीरगंज

- राजस्थान से गंगा स्नान करने आ रही महिला की ट्रेन से गिरकर मौत

**अमृत विचार :** थाना जरीफनगर और वजीरगंज में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। कार की टक्कर से बाइक सवार पूर्व कोटेदार और वजीरगंज में खंभे से बाइक टकराने से युवक की मौत हुई। परिवारों में कोहराम मचा है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।


मृतक सत्यप्रकाश।

थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव बर्थला निवासी पूर्व कोटेदार सत्यप्रकाश उर्फ राजपाल (55) पुत्र नेम सिंह अपने परिचित जिला संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव कादराबाद निवासी शहनबाज (42) के साथ बाइक से जरीफनगर से कादराबाद जा रहे थे। जिला संभल की सीमा से कुछ पहले तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चलाक मय कार भाग गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने सत्यप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं पुलिस की दूसरी टीम ने कार का पीछा किया। चालक रास्ते में कार छोड़कर भाग गया। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। थानाध्यक्ष रवि करन ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई थी। कार चालक की तलाश की जा रही है।

वहीं दूसरा हादसा थाना वजीरगंज क्षेत्र में हुआ। गांव करेंगी निवासी सुनील कुमार (31) पुत्र कृष्णपाल सोमवार शाम गांव अगेई स्थित अपने खेत से वापस घर लौट रहे थे। करेंगी मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक खंभे से जा टकराई। बाइक सवार सुनील कुमार खंती में जा गिरे। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। रात भर सुनील के घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। सुनील कुमार को फोन किया लेकिन फोन पिक नहीं हुआ तो उनकी तलाश शुरू की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने खंती में शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। शिनाख्त करके युवक के परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### ट्रेन में बैठी महिला का पैर फिसला, मौत

**बदायूं।** मथुरा से बरेली जाने वाली पैसेंजर ट्रेन से एक महिला कछला ब्रिज पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। राजस्थान राज्य के जिला भरतपुर निवासी शीला (55) पत्नी अमर सिंह गंगा स्नान करने के लिए कछला स्थित भागीरथी घाट पर ट्रेन से आ रही थीं। वह कासगंज से बरेली जाने वाली पैसेंजर ट्रेन 05336 में बैठ गईं। मंगलवार दोपहर उन्हें कछला ब्रिज के पास रेलवे स्टेशन पर उतरना था। वह बोगी के गेट के पास आकर खड़ी हो गईं। इसी दौरान चलती ट्रेन से महिला का पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे आ गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। उझानी सीएचसी पर चिकित्सकों के मृत घोषित करने पर पुलिस ने उनके परिवार को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पैथोलॉजी बंद, ब्लड की बाहर जांच करा रहे मरीज

**बदायूं, अमृत विचार:** जिला अस्पताल में पैथोलॉजी लैब का विस्तारीकरण किया जाना है इसलिए लैब को बंद कर दिया गया है। जांच नहीं होने से मरीजों को परेशानी हो रही है।

जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में मात्र एक मशीन है, जिससे ब्लड की रिपोर्ट तैयार करने में काफी समय लगता है। लेकिन अब शासन के निर्देश के बाद पैथोलॉजी लैब का विस्तारीकरण किया जाएगा। बड़े रूम में लैब को शिफ्ट किया जाना है और ब्लड की जांच करने को तीन मशीनें लगाई जाएंगी। इसके बाद एक समय में तीन मरीजों की ब्लड रिपोर्ट तैयार हो जाएगी और मरीजों को उसी दिन शाम को रिपोर्ट भी मिल जाएगी। पैथोलॉजी लैब में टेक्नीशियन भी बढ़ाए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर दो कर्मचारियों को बिठाया जाएगा। ब्लड सैंपल लेने वाले कर्मचारी भी बढ़ाए जाएंगे। सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने कहा कि जिन मरीजों की ब्लड रिपोर्ट जरूरी है उनकी जिला महिला अस्पताल की लैब से जांच रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। एक सप्ताह के अंदर लैब शिफ्ट कर दी जाएगी।

# रिमाइंडर भेजने के बाद भी खाली नहीं किये आवास

संवाददाता, वजीरगंज

- सीएमओ ने नहीं लिया एक्शन, डॉक्टर परेशान

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के ढुलमुल रवैये के चलते जनता से लेकर डॉक्टर व कर्मी परेशान हैं। विभागीय अफसरों की लापरवाही का आलम यह है कि साल भर से तैनात दांतों के डॉक्टर सीएचसी पर आवास को लेकर एमओआईसी और सीएमओ को पत्राचार चुके हैं, फिर भी उन्हे अभी तक आवास नहीं मिला है।

सीएचसी में बने चिकित्सक आवासों पर फार्मासिस्टों ने कब्जा कर रखा है। अस्पताल में तैनात दंत चिकित्सक को बदायूं से अस्पताल तक रोजाना दौड़ लगानी पड़ रही है। चिकित्सक ने परेशान होकर स्थानीय एमओआईसी तथा सीएमओ को दो बार पत्राचार कर आवास आवंटन की गुहार लगाई। लेकिन फार्मासिस्टों की मनमानी और जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से अभी तक आवास आवंटन नहीं हो सका है। जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लंबे अरसे से दंत चिकित्सक मनोज कुमार की तैनाती है। उनका आरोप है कि अस्पताल में चार चिकित्सक आवास बने हुए हैं। जिनमें से दो आवासों में तो डॉक्टर रह रहे है। जबकि अन्य दो आवासों पर फार्मासिस्टों ने कब्जा कर रखा है। एमओआईसी डॉ. राजकुमार तथा सीएमओ से शिकायत कर आवास आपंटन कराने की गुहार लगाई, मगर हर बार नतीजा सिफर ही रहा। उन्होंने बताया कि डॉक्टर के आवास में सिर्फ डॉक्टर ही रह सकता है। अन्य किसी भी कर्मचारी को वह आवास आवंटन नहीं हो सकते।

> सीएचसी पर तैनात डॉक्टर आवास के अलावा अन्य आवासों पर भी कर्मी कब्जा किये हुए हैं। सीएमओ को दो बार पहले भी पत्र लिख कर अवगत करा चुके हैं। आज फिर सीएमओ को रिमांडर भेज कर अवैध कब्जा करने वाले कर्मियों से आवास खाली कराने को कहा गया है। -डॉ. **राजकुमार**, एमओआईसी सीएचसी।

# गैंगस्टर शिक्षिका को करें गिरफ्तारी

**साधना शर्मा हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हाईकोर्ट ने एसपी को दिया गिरफ्तारी का आदेश, वर्ष 2016 में डीजीसी की हुई थी हत्या

**अमृत विचार :** डीजीसी क्रिमिनल के हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी की शिक्षिका पत्नी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। शिक्षिका के खिलाफ चार महीने पहले गैर जमानती वारंट जारी किया था। अब हाईकोर्ट ने एसएसपी को शिक्षिका को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। मुकदमा की वादिनी ने एसएसपी को गिरफ्तारी के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

कोर्ट से 23 मई 2016 को अपने घर उझानी जा रहीं डीजीसी क्रिमिनल साधना शर्मा की कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस की विवेचना के दौरान मुख्य अभियुक्त पीसी शर्मा समेत उनकी पत्नी कमलेश शर्मा, उनके साले गिरीश मिश्रा, मृतक महिला की बहन श्रद्धा गुप्ता, बहनोई श्रवण गुप्ता, सुपारी किलर मस्ताना उर्फ अब्दुल नबी, पिंटू उर्फ नरेंद्र, यासीन उर्फ बाबा, राजू उर्फ रियाज, इशरत और मोहब्बत उर्फ साजिद के नाम सामने आए थे। इस मामले में गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हुई थी। आठ लोगों के खिलाफ चार्जशीट लगी थी। बाद में वादिनी विपर्णा गौड़ ने पैरवी की। उच्च न्यायालय में रिट के बाद श्रद्धा गुप्ता, श्रवण गुप्ता और मुख्य मुल्जिम पीसी शर्मा की पत्नी कमलेश शर्मा के खिलाफ भी पूरक गैंगचार्ट 2019 में बना था। मुकदमे की अभियुक्ता श्रद्धा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में गैंगस्टर की रिपोर्ट निरस्त करने की याचिका डाली लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसकी याचिका को निरस्त करते हुए इस मामले में नया कानून बनाया। जिसके अनुसार एक मुकदमे पर भी गैंगस्टर का मुकदमा कायम किया जा सकता है और पूरक गैंग चार्ट भी बनाया जा सकता है। मुकदमे की आरोपी कमलेश शर्मा ने उच्च न्यायालय में गैंगस्टर की रिपोर्ट निरस्त करने की मांग की। कोर्ट ने 8 अप्रैल 2020 को तीन महीने में गैंगस्टर मामले की विवेचना पूरी करने का आदेश दिया। इसके बाद भी थाना अलापुर के विवेचकों ने तीन महीने की बजाय तीन साल सात महीने में गैंगस्टर की चार्जशीट दाखिल की। कमलेश शर्मा ने गैंगस्टर की चार्जशीट निरस्त करने के लिए फिर याचिका डाली। वादिनी विपर्णा गौड़ ने इस मामले में उच्च न्यायालय में खुद बहस की। कोर्ट ने अगली तारीख 17 मई नीयत की है। साथ ही बदायूं एसएसपी को आदेश दिया है कि आरोपी कमलेश शर्मा शिक्षिका हैं। उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट है। उसे जल्द गिरफ्तार करें। वादिनी ने उच्च न्यायालय के आदेश से एसएसपी और अन्य अधिकारियों को अवगत कराते हुए कमलेश शर्मा की गिरफ्तारी करने का प्रार्थना पत्र दिया है।

## माफिया ने काटी शीशम, वन विभाग ने पकड़ी

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में हरे वृक्षों का कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है । लकड़ी माफिया स्थानीय पुलिस की सांठगांठ से धड़ल्ले से कटान कर रहे हैं ।

लकड़ी माफिया ने सोमवार को कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव बनेई और ललेई के बीच जंगल में वर्षों पुरानी कीमती शीशम को बिना वन विभाग की अनुमति के काट लिया। अवैध कटान की सूचना पर पुलिस मौके पर भी पहुंची थी। मंगलवार को वन क्षेत्राधिकारी आकांक्षा गुप्ता के निर्देशन में वन विभाग की टीम ने कटी हुई शीशम की लकड़ी को कब्जे में ले लिया । आकांक्षा गुप्ता ने बताया कि लकड़ी माफिया के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वन दरोगा अशोक का कहना है कि बिना अनुमति के शीशम को माफिया ने काटा है लकड़ी को कब्जे में ले लिया गया है।

# डंपिंग ग्राउंड से उठ रहे धुएं से फैल रहीं बीमारियां

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शिकायत के बाद भी पालिका प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान
- जहरीले धुएं से बच्चों और बूढ़ों में फैल रही दमा की बीमारी

**अमृत विचार:** कूड़ा डंपिंग ग्राउंड में सफाई कर्मचारियों द्वारा लगाई गई आग महीनों से सुलग रही है। जिसका जहरीला धुंआ पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ ही आसपास के ग्रामीणों की परेशानी का सबब बन गया है। इस धूएं की वजह से बच्चों से लेकर बूढ़े तक दमा की बीमारी से ग्रस्त हो रहे हैं। डंपिंग ग्राउंड में धधक रही आग को बुझाने के लिए ग्रामीणों द्वारा नगर पालिका सहित प्रशासनिक अधिकारियों से कई बार शिकायत की, परंतु नतीजा शून्य ही रहा है। ऐसे में भीषण गर्मी के दौरान चारों ओर फैल रहा जहरीला धुंआ लोगों के लिए और घातक सिद्ध होगा।


डंपिंग ग्राउंड में लगी आग से उठता जहरीला धुंआ। ● अमृत विचार

यहां से करीब पांच किलोमीटर की दूरी पर रसूलपुर बिलहरी और गांव हादीपुर के समीप नगर पालिका का कूड़ा डंपिंग ग्राउंड है। जहां शहर से निकलने वाला हजारों टन कूड़ा फेंका जाता है। बताया जाता है कि यहां फेंके जाने वाले कूड़े में सफाई कर्मचारियों द्वारा आग लगा दी गई। यह आग चौबीस घंटे जलती रहती है। कूड़े में लगी आग से उठने वाला जहरीला धूंआ पर्यावरण को दूषित कर रहा है। साथ ही लोगों की सांस लेने में दिक्कत पैदा कर रहा है। सबसे अधिक बुरा हाल हादीपुर के लोगों का है। इस गांव के लोगों में खांसी, सर्दी, जुकाम, आंखों में जलन जैसी तमाम दिक्कतें हो रही हैं। सबसे अधिक दिक्कत सांस संबंधी बीमारी वाले लोगों को हो रही है। गांव निवासी नत्थूलाल ने बताया कि वह पहले स्वस्थ रहते थे। जब से नगर पालिका द्वारा डाले जा रहे कूड़े में कर्मचारियों ने आग लगाना शुरू की है। तब से वह बीमार हो गए हैं। कूड़े से निकलने वाले धुएं की वजह से सांस लेना मुश्किल हो रहा है। सुबह के समय पहले वातावरण शुद्ध रहता था। अब जहरीला धुंआ परेशानी का सबब बन गया है। यहां के निवासी लटूरी सिंह ने बताया कि इस जहरीले धुएं की वजह से वह दमा के मरीज बन गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कूड़े में लगी आग बुझाने के लिए कई बार नगर पालिका के अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अगर समय रहते इस ओर प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाया गया तो पूरा गांव गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाएगा।

> डंपिंग ग्राउंड में आग लगी हुई है। उसे दिखाया जाएगा तथा आग को बुझाने के इंतजाम किए जाएंगे। जिन कर्मचारियों द्वारा आग लगाई गई है। उसकी जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। -**अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट प्रभारी ईओ

**सियासत** अंतिम चरण की ओर बढ़ चला चुनाव प्रचार, राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की रहेंगी सरगर्मियां

# सीट पर कब्जा बरकरार रखने को बड़े नेता बुला रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आज से हो रहा रक्षा, गृह और मुख्यमंत्री का जिले में आगमन, गर्मी में बढ़ जाएगी चुनाव की तपिश

**अमृत विचार:** बदायूं संसदीय सीट पर कब्जा बरकरार रखने के लिए भाजपा चुनाव प्रचार में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। इसीलिए हर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के दिग्गज नेताओं की लगातार रैलियां हो रही हैं। इनका क्रम अंतिम समय तक रहने वाला है। अगले तीन दिनों तक केंद्रीय रक्षा मंत्री, गृह मंत्री के साथ ही प्रदेश सहित एमपी के मुख्यमंत्रियों की अलग-अलग विधानसभाओं में रैलियों का आयोजन होगा। इनके आगमन से भीषण गर्मी में चुनाव की तपिश और तीखी होने वाली है।

बदायूं संसदीय सीट पर सपा और भाजपा का सीधा मुकाबला माना जा रहा है। सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में उनके पिता शिवपाल यादव क्षेत्र भर का दौरा कर माहौल बनाने में जुटे हुए हैं। वहीं बसपा प्रत्याशी मुस्लिम खां के समर्थन में बिसौली विधानसभा क्षेत्र में पार्टी सुप्रीमो मायावती रैली कर चुकी हैं।

दूसरी ओर भाजपा इस सीट को अपनी प्रतिष्ठा मान चुकी है। किसी भी हाल में सीट पर कब्जा बरकरार रखने के लिए पार्टी के दिग्गज नेताओं का आगमन जारी है। उनके द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों में रैलियां की जा रही हैं। प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रैलियां कर चुके हैं। अब चुनाव प्रचार अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

सात मई को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के लिए प्रत्याशियों के पास मात्र चार दिन का समय ही शेष है। ऐसे में भाजपा चुनाव प्रचार में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। इसी कारण अंतिम तीन दिन पार्टी प्रत्याशी के अहम माने जा रहे हैं। तीन दिनों तक पार्टी के दिग्गज नेताओं का जिले में आगमन रहने वाला है।

एक मई को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दातागंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित कर आंवला और बदायूं लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदाताओं से वोट करने की अपील करेंगे। दो मई को गृहमंत्री अमित शाह शहर के इस्लामिया कॉलेज में रैली कर चुनावी तपिश को और गर्म करेंगे। इसके अगले दिन गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन राम यादव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा होनी है।

गुन्नौर विधानसभा यादव बाहुल्य क्षेत्र माना जाता है। यदुवंशियों की संख्या अधिक होने की वजह से उन्हें साधने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन राम यादव की सभा को रखा गया है।

### इन स्थानों पर भाजपा के दिग्गज नेताओं का आगमन

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि एक मई को सुबह 11 बजे आंवला लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दातागंज स्थित संतोष कुमार मेमोरियल इंटर कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। दो मई को सुबह 11 बजे बदायूं लोकसभा के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में देश के गृह मंत्री अमित शाह बदायूं शहर में इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। तीन मई को सुबह 11 बजे बदायूं लोकसभा के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव गुन्नौर विधानसभा के कस्बा बबराला में बाबूराम इंटर कॉलेज मैदान में संयुक्त जनसभा को एक ही मंच से संबोधित करेंगे।

## घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप

**आसफपुर/ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि शनिवार को उसके परिवार के सभी सदस्य खेत पर गए थे। उनकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी।

इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक फावड़ा मांगने के बहाने घर में घुस आया। किशोरी को अकेला देखकर उसने किशोरी को जबरन पकड़ लिया और दुष्कर्म किया। पीड़िता चिल्लाई तो घर के बाहर खेल रही दूसरी किशोरी ने खेत पर जाकर सूचना दी। परिजन घर पहुंचे। तब तक आरोपी घर से भाग गया था। वह शिकायत लेकर आसफपुर पुलिस चौकी पहुंचे। जहां स्टाफ न होने की बात कहकर थाने जाने को कह दिया गया। आरोप है कि शनिवार को दोपहर से रात तक थाने पर रहे। रात को एक सिपाही ने तहरीर ली और कार्रवाई का आश्वासन देकर थाने से भेज दिया। बताया कि आरोपी सत्ता से जुड़े एक नेता का भतीजा है। जिसके पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने बताया कि रुपयों के लेनदेन का मामला है। जांच की जा रही है।

# तलाश किया न दर्ज की गुमशुदगी प्लॉट में शव को नोचते रहे कुत्ते

संवाददाता, बिल्सी

- दुर्गंध आने पर लोगों ने देखा तो मिला शव
- मानसिक रोगी था मृतक, 28 अप्रैल को हो गया था लापता

**अमृत विचार :** बिल्सी कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। आलू व्यापारी के दो दिन से लापता भाई को परिवार वाले ढूढ़ते रहे, पुलिस को गुमशुदगी की सूचना भी दी, लेकिन न तो पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की और न ही उसे तलाश करने के कोई प्रयास किए। मंगलवार को एक प्लॉट में लापता व्यक्ति का शव कुत्ते नोंचते मिले तो लोगों की भीड़ जुट गई। इसी दौरान पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त कर ली। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और शव लेकर चले गए। बताया जाता है कि मृतक मानसिक रूप से कमजोर था।

बिल्सी के मोहल्ला चार निवासी आलू व्यापारी रफीक राइन का उझानी रोड देववाणी चौके के पास गोदाम है। जिसमें उनके बड़े भाई जाकिर हुसैन (55) पुत्र अली हुसैन भी रहते थे। जो मानसिक रोगी थे। साथ ही शारीरिक रूप से कमजोर थे। शौच के लिए परिजन उन्हें साथ ले जाते थे। 28 अप्रैल की सुबह वह अचानक लापता हो गए। परिवार लोगों ने उसे इधर-उधर तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह रफीक ने पुलिस को उनकी गुमशुदगी की सूचना दी थी। लेकिन पुलिस ने न तो गुमशुदगी दर्ज की और न ही उनकी तलाश के लिए कोई प्रयास किए। परिजन सोमवार को भी देर रात तक सभी संभावित जगहो पर उन्हें तलाशते हरे, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला।

मंगलवार सुबह सरकारी अस्पताल के पास रहने वाले देवेंद्र सिंह चौहान अपने घर में झाड़ू लगा रहे थे। उन्हें अजीब सी दुर्गंध आई। उनके बेटे ने कहा कि कोई जानवर मर गया होगा। उन्होंने अपने घर के पड़ोस में प्लाट में झांककर देखा तो कुछ कुत्ते शव को नोच रहे थे। इसी दौरान रफीक राइन वहां से गुजरे। शव पड़ा होने की जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त अपने बड़े भाई के रूप में की। पुलिस मौके पर आ गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव अपने साथ ले गए। शव को दफन कर दिया।

बिल्सी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। परिजनों के अनुसार वह 28 तारीख से लापता था। मंगलवार को एक प्लॉट में उसका शव मिला है। साधारण मौत हुई थी। परिजनों से पोस्टमार्टम के लिए बोला लेकिन उन्होंने मना कर दिया।

## शहर में आज

- उम्मीदवारों के व्यय लेखा रजिस्टर का मिलान कलक्ट्रेट सभागार के कक्ष संख्या 33 में सुबह 10 बजे से।
- मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण शहर के श्रीगणेश इंटर कॉलेज के सभागार में सुबह 10 बजे से।
- मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी की विचार गोष्ठी शहर के अशोक नगर स्थित कार्यालय पर सुबह 11 बजे से।
- श्रीमद् भागवत कथा का वाचन कासगंज के गांव मोहिनी में दोपहर दो बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

# दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पीड़िता ने ससुरालीजनों के विरुद्ध महिला थाने में दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार :** दहेज से संतुष्ट न होने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पति सहित पांच ससुरालीजनों के विरुद्ध पीड़िता ने महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

थाना सिकंदपुर वैश्य के गांव क्यामपुर सनौढी निवासी प्रिया शुक्ला पुत्री अवनीश कुमार ने अपने पति सोनू शुक्ला एवं ससुरालीजन फर्रुखाबाद के थाना कंपिल के गांव कुंवरपुर निवासी पांच लोगों पर आरोप लगाया है कि किस ससुरालीजन उसके पिता द्वारा शादी के समय दिए गए दान दहेज से सतुष्ट नहीं है और चार लाख रुपये की निरंतर मांग कर रहे हैं। जबकि मेरे पिता आर्थिक रूप से कमजोर हैं और ससुरालीजनों की मांग पूरी करने में सक्षम नहीं है। पीड़िता का आरोप है कि जब ससुरालीजनों की मांग पूरी न हुई तो उन्होंने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया है। वह अपने दोनों बच्चों के साथ पिता के यहां रह रही है। पटियाली के सीओ विजय कुमार राणा ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजदों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

## बाइक से गिरी महिला गंभीर हालत में रेफर

**कासगंज, अमृत विचार:** अलीगढ़ के थाना दादों के गांव खांजी नगला निवासी गुड्डो देवी पत्नी राकेश मंगलवार को सुबह अपने बेटे जितेंद्र के साथ बाइक से सोरों कोतवाली के गांव नगला पीर में अपने मायके आ रही थी। वे सोरों कोतवाली क्षेत्र में गांव बढ़वाली के निकट थे कि तभी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे गुड्डो देवी बाइक से गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। बेटा ग्रामीणों के सहयोग से घायल मां को उपचार के लिए सोरों स्वास्थ्य केंद्र ले गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला महिला की हालत गंभीर बताते हुए उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया है।

सोशल साइट्स पर प्रत्याशियों के नाम लिखकर मतदाताओं से मांगी जा रही राय

# सोशल प्लेटफार्म पर प्रत्याशियों के लिए मतदान सर्वे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



**अमृत विचार :** मतदान भले ही सात मई को लेकिन उससे पहले सोशल प्लेटफार्म पर जीत-हार के लिए सर्वे शुरू हो गया है। सोशल वर्कर फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि पर सर्वे करा रहे हैं। सबसे अधिक चर्चा का विषय कासगंज जिले की पटियाली और अमांपुर विधानसभा बनी हुई है।

जहां मैदान उतरे सभी प्रत्याशियों के बारे में मतदाताओं से सोशल वर्कर राय मांग रहे हैं। लोग अपनी अपनी राय भी दे रहे हैं। प्रचार के लिए प्रत्याशी घर-घर तक पहुंच रहे हैं। उनके समर्थन में दिन रात समर्थक मैदान में उतरे हुए हैं। हर प्रत्याशी अपनी जीत का गुणा गणित लगाए हुए है।

इस बीच सात मई को होने वाले मतदान से पहले सोशल प्लेटफार्म पर सर्वे शुरू हो गया है। मतदाताओं से राय मांगी जा रही है। मतदाता भी खुलकर अपना पक्ष रख रहे हैं। सभी प्रत्याशियों की सूची सोशल मीडिया पर सार्वजनिक की गई है। जिसमें सर्वेयरों ने राय मांगी है कि आखिर कौन प्रत्याशी बेहतर है तो तमाम सोशल साइट्स पर लोग अपनी अपनी टिप्पणियां साझा कर रहे हैं और राय देने में जुटे हैं। सोशल मीडिया पर होने वाला यह मतदान बेहद रोचक बना हुआ है।

### जातीय समीकरण साधने की कोशिश

वैसे तो प्रत्याशी सभी वर्गों के लोगों से मतदान की अपील कर रहे हैं, अपने लिए वोट मांग रहे हैं, लेकिन प्रत्याशी जाति समीकरण साधने में भी जुट गए हैं। लोग गुण गणित लगा रहे हैं।

### यह हैं प्रत्याशी

- राजवीर सिंह, भाजपा
- देवेश शाक्य, सपा
- मोहम्मद इरफान, बसपा
- अनुपम कुमार, किसान क्रांति दल
- उदयवीर सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया
- वैभव मिश्रा, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी
- अमर सिंह, निर्दलीय
- अशोक कुमार, निर्दलीय
- कैलाश कुमार, निर्दलीय
- दानवीर, निर्दलीय

## एक नजर

### युवती को बहला फुसलाकर ले गया गांव का युवक

**कासगंज।** थाना अमांपुर के गांव व्यक्ति ने गांव के ही देशराज के विरुद्ध थाना अमांपुर में पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि देशराज के कहने पर पुत्री घर से जेवरात और 50 हजार रुपये भी ले गई है। अमांपुर के इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ ने बताया कि । पुलिस आरोपी और युवती की तलाश कर रही है।

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर एससी-एसटी के मामले में न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी मोहित पचौरी निवासी गांव पावलढेरा को पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

### हत्या का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** गंजडुंडवारा पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित आरोपी को मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी ज्ञान देवी निवासी मुहल्ला कादरगंज रोड कोतवाली गंजडुंडवारा को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायालय में महिला को जेल भेजा है।

# तपा सूरज: पारा चढ़ा तो बिगड़ने लगी लोगों की सेहत, अस्पतालों में भीड़

## जिला अस्पताल में सुबह से ही लग रहीं कतारें, मरीजों को करना पड़ रहा इंतजार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** बदलता मौसम रोगों को बढ़ावा दे रहा है। जिला अस्पताल हो या अन्य अस्पताल रोगियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। प्रतिदिन 500-600 रोगी जिला अस्पताल में पंजीकरण करा रहे हैं। सबसे अधिक खांसी, सर्दी, जुकाम और बुखार के रोगी शामिल हैं। चिकित्सकों की सलाह है कि ऐसे मौसम में सेहत के प्रति सावधानी बरतें।

कभी तेज धूप तो कभी गरम हवा से संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ रहा है। मच्छर भी लोगों का जीना दुश्वार कर रहे हैं और रोगों को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे मौसम में जरा भी असावधानी सेहत के लिए घातक साबित हो सकती है। रोगियों की संख्या बढ़ने की पुष्टि जिला अस्पताल से हो रही है जहां प्रतिदिन पंजीकरण कराने वाले रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। मंगलवार को 600 रोगियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर पंजीकरण कराया। डॉक्टरों से परामर्श लिया। ओपीडी के बाहर लाइन लगी रही। डाक्टर परामर्श देने के साथ साथ ऐसे मौसम में जागरूक रहने की सलाह दे रहे हैं।



जिला अस्पताल में अपनी बारी का इंतजार करते मरीज। • अमृत विचार

> मौसम बदल रहा है, ठंडे पानी के सेवन से फिलहाल बचें। यह मौसम बच्चों की सेहत के लिए काफी घातक साबित हो सकता है। इसलिए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।
> – डा. संजीव सक्सेना, सीएमएस

### पेय पदार्थों की बढ़ी बिक्री

गर्मी के साथ ही पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ गई है और लोग गर्मी से बचने के लिए तरह तरह के उपाय अपना रहे हैं। वहीं इस बीच गन्ने का रस और अन्य पेय पदार्थ में बर्फ का सेवन अभी सेहत के लिए हानिकारक है।



जिला अस्पताल में मरीजों को परामर्श देते डॉक्टर। • अमृत विचार

## ऑटो पार्ट्स की दुकान में चल रहा गैस रिफलिंग का धंधा

**कासगंज, अमृत विचार :** अमांपुर के सहावर रोड स्थित ऑटो पार्टस की दुकान में गैस रिफलिंग का धंधा चल रहा था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दुकानदारों को हिरासत में लिया। मौके से घरेलू गैस के सिलेंडर, गैस रिफलिंग की मशीन, कांटा व अन्य उपकरण बरामद किए हैं। पटियाली के पूर्ति निरीक्षक ने मुकदमा दर्ज कराया है। अमांपुर पुलिस को सूचना मिली कि सहावर रोड स्थित गोविंद ऑटो पार्टस की दुकान में गैस रिफलिंग का कारोबार चल रहा है। पुलिस ने रिफलिंग करते हुए दुकानदार को हिरासत में लिया। साथ ही मौके से गैस रिफलिंग की मशीन, नौ घरेलू गैस सिलेंडर और एक कांटा बरामद किया। माल की बरामदगी एवं दुकानदार को हिरासत में लेकर पुलिस थाने लायी। जिला पूर्ति के अधिकारी के निर्देश पर पटियाली के पूर्ति निरीक्षक भारत सांधियान थाने पहुंचे और दुकानदार से पूछताछ की। दुकानदार गोपाल ने गैस रिफलिंग के कारोबा कराना स्वीकारा है। पूर्ति निरीक्षक बताया कि दुकानदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी है।

# भय मुक्त शासन व विकास के लिए करें भाजपा को वोट



सभा को संबोधित करते विधायक हरिओम वर्मा साथ में शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- शिक्षा राज्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में की नुक्कड़ सभा

**अमृत विचार :** मंगलवार को मानपुर नगरिया के नवाबगंज एवं बढ़ारी शक्ति केंद्रों पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने नुक्कड़ सभा कर मतदाताओं को केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। भयमुक्त शासन और विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी को जिताने और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 11 वीं अर्थव्यवस्था से पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है।

विधायक हरिओम वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान ने किया। ब्लॉक प्रमुख सहावर कृष्णा राजपूत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मथुरा प्रसाद राजपूत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजपाल वर्मा, वीरेन्द्र सागर, मंडल महामंत्री देवेन्द्र पचौरी, मंजूश्री जाटव, शक्तिकेंद्र संयोजक टीकम सिंह, जितेंद्र सोलंकी, आलोक नायक, लक्ष्मीकांत दीक्षित, बूथ अध्यक्ष प्रवीन राजपूत, केशव सिंह, गिर्राज किशोर मौजूद रहे।



अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### उम्मीदवारों के व्यय लेखा रजिस्टर मिलान पांच मई को

कासगंज। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार 22-एटा-कासगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के व्यय लेखा रजिस्टर का मिलान पांच मई को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायिक के न्यायालय कक्ष संख्या 33 में किया जाएगा।

### नामित व्यय प्रेक्षक का संपर्क नंबर जारी

कासगंज। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राम सिंह गुर्जर व्यय प्रेक्षक का निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग सोरों कासगंज में 12 अप्रैल को आगमन हुआ। जिनके मोबाइल नंबर 6398869564 पर किसी भी निर्वाचन संबंधी शिकायत व सुझाव के लिए संपर्क कर सकते हैं।

# रोडवेज चालक ने जहर खाकर की आत्महत्या की कोशिश, उत्पीड़न का लगाया आरोप

## चालक की पत्नी ने बस संचालन के लिए एआरएम पर लगाया 15 हजार रुपये मांगने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती चालक। ● अमृत विचार

- दिन भर मची रही खलबली, तरह-तरह की होती रहीं चर्चाएं

अमृत विचार : सोमवार की देर शाम रोडवेज के चालक ने गांव में जहर खाया तो मंगलवार को कासगंज डिपो में हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ। जिला अस्पताल में पति को भर्ती कर पत्नी ने पहले थाने में तहरीर दी और फिर रोडवेज कार्यालय पर पहुंचकर एआरएम पर पति के उत्पीड़न का आरोप लगाया। बस संचालन के एवज में 15 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। दिन भर परिवहन निगम के चालकों एवं परिचालकों में यह मामला चर्चा का विषय बना रहा।

सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव बरौदा निवासी ईशेंद्र ने सोमवार को विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। ईशेंद्र की पत्नी सिंटू ने आरोप लगाया कि उनका पति रोडवेज में चालक है। एआरएम आए दिन उत्पीड़न करते हैं। पति भरगैन से दिल्ली के बीच रोडवेज की बस संख्या यूपी 81-4057 चलाते हैं। पिछले दिनों एआरएम ने उन्हें बस के संचालन से हटा दिया। एआरएम की ओर से पुनः ड्यूटी पर भेजने के लिए 15 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। रुपये न देने पर नौकरी से निकालने की धमकी दे रहे थे। इसी के चलते उनके पति ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की है। पत्नी ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। उसने रोडवेज के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि एआरएम के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।

### दबी जुबां से गुस्से में थे चालक

रोडवेज के चालक- परिचालक गुस्से में थे, लेकिन वे खुलकर एआरएम का विरोध नहीं कर पा रहे थे। दो चालकों ने बताया कि एआरएम आए दिन उत्पीड़न करते हैं।

> मेरे ऊपर लगाए गए आरोप निराधार है। कुछ दिन पहले चालक ने बस से दुर्घटना कर दी थी और मेरे साथ कार्यालय में अभद्र व्यवहार भी किया। मुझ पर दबाव बनाने के लिए यह आरोप लगाया जा रहा है। **- ओउम प्रकाश सिंह,** एआरएम

> अभी तक किसी ने लिखित शिकायत नहीं की है। अब मामला संज्ञान में आया है। पूरे प्रकरण की जानकारी करने के बाद जांच कराई जाएगी। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्यवाही होगी। **- सत्येंद्र कुमार,** आरएम अलीगढ़ मंडल

## न्यायालय में अब 7 से 2 बजे तक होगा काम

एटा, अमृत विचारः पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एटा अहमद उल्ला खान ने बताया है कि जिला न्यायाधीश द्वारा अपने आदेश में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश का उल्लेख करते हुए न्यायालय का समय प्रातः 07 बजे से 02 बजे दोपहर तक का निर्धारित किया है।

अतः अधिवक्ता व वादकारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए तथा अन्य न्यायालय के समय को भी संज्ञान में रखते हुए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एटा का समय मई व जून 2024 में 07 बजे प्रातः से 07:30 बजे प्रातः तक, न्यायालय समय 07:30 बजे प्रातः से 11 बजे तक, भोजनावकाश 11 बजे से प्रातः से 11:30 बजे तक, न्यायालय समय 11:30 से 01:30 बजे तक, कार्यालय समय 01:30 बजे से 2 बजे तक तथा नवीन दावा सुनवायी का समय प्रातः 11 बजे निर्धारित किया है।

# खनन निरीक्षक ने भट्ठा स्वामियों के विरुद्ध दर्ज कराई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बिना विनियमन शुल्क जमा किए संचालित किए जा रहे थे ईंट भट्ठे
- विभाग विनियमन शुल्क जमा करने के लिए दे चुका था नोटिस

अमृत विचार : विभाग द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भट्ठा स्वामियों द्वारा विनियमन शुल्क जमा नहीं कर रहा था और बिना विनियमन शुल्क जमा किए ही भट्ठे का संचालन कर रहा था। चेतावनी के बावजूद भी भट्ठे स्वामियों द्वारा पथाई बंद न किए जाने पर खनन निरीक्षक ने भट्ठा स्वामियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

जिले में अवैध रूप से संचालित भट्ठों की संख्या दो दर्जन से अधिक है। वहीं ऐसे भी तमाम ईंट भट्ठे हैं जो बिना विनियमन शुल्क जमा किए ईंटों की पथाई कर रहे हैं। जबकि विभाग द्वारा इन भट्ठों को विनियमन शुल्क जमा करने के लिए कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं। नोटिसों को नजर अंदाज करने पर विभाग ने इनके विरुद्ध कार्यवाही की है।

कासगंज के खनन निरीक्षक सुरेश ने बताया कि तहसील सहावर के रामछितौनी स्थित फेमस ब्रिक्स ईंट भट्ठा एवं जेपी ईंट भट्ठा रायो द्वारा निरंतर ईंटों की पथाई की जा रही थी और विभाग का शुल्क जमा नहीं किया जा रहा था। इनके स्वामी विजेंद्र सिंह और यूनिस खान को नोटिस भी दिए गए थे, लेकिन स्वामियों द्वारा नोटिस को नजर अंदाज कर लाखों की ईंटों की पथाई की गई।

अवैध खनन कर ईंट की पथाई करने के मामले में दोनों भट्ठा स्वामियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने बताया कि भट्टे स्वामियों द्वारा उत्तर प्रदेश उपखनिज नियमावली 2021 व खनिज अधिनियम 1957 सरकारी संपत्ति निवारण अधिनियम की धारा 305 का उल्लंघन किया गया है। उन्होंने बताया कि आख्या डीएम, एडीएम एवं पटियाली के एसडीएम को दी गई है।

# यातायात नियमों का हर हाल में करें पालन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



एमजी डिग्री कॉलेज में छात्राओं को मतदान करने एवं जागरुकता की शपथ दिलाते यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह। ● अमृत विचार

- सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत चलाया जा रहा विशेष अभियान

अमृत विचारः बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मना रही है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्कूल कॉलेज में कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी के तहत माया देवी पब्लिक स्कूल एवं नगर पालिका कन्या विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम किए गए।

यातायात उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने, मोबाइल पर बात करते समय वाहन एवं नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर नकेल कसी जाएगी। बिना डीएल, तीन सवारी, बिना हेलमेट, नाबालिगों के वाहन चलाने, ओवर स्पीड, ओवरलोड, दोषपूर्ण नंबर प्लेट, रिफलेक्टर आदि को लेकर वाहनों की चेकिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है, ताकि मार्ग दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। उन्होंने कहा कि इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस बीच विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि वह यातायात के नियमों का पालन करें।

# मतदान फीसद बढ़ाने को हर संभव किए जाएं प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- स्वीप की बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

अमृत विचार : लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत 'स्वीप' अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों को सफलकराने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से अधिकारियों के साथ डीएम ने कलक्ट्रेट सभगार में बैठक की।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया कि प्रथम व द्वितीय चरण में मतदान प्रतिशत कम रहा है। तृतीय चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी अपने निर्वाचन कार्यों के साथ-साथ 'स्वीप- कार्यक्रमों को आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक भी करें। उन्होने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी अपने खंड शिक्षा अधिकारियों के सहयोग से जनपद के प्राथमिक व जूनियर स्कूलों के बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठक करें, मतदाता जागरूकता रैली निकालें, निबन्धन लेखन, वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करें। कृषि अधिकारी सभी खंड विकास अधिकारियों की सहायता से किसान गोष्ठी, उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को मतदान के प्रति जागरूक करें। अन्य अधिकारी भी ऐसा करें। बैठक में तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारी, डिप्टी कलेक्टर विनोद जोशी, डिप्टी कलेक्टर योगिता सिंह, उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार विमल, बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक पीके मौर्य, जिला पंचायतराज अधिकारी देवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण से अनुपस्थित कार्मिकों पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



श्रीगणेश इंटर कॉलेज में निर्वाचन कार्मिकों के प्रशिक्षण का निरीक्षण करतीं डीएम सुधा वर्मा।

- डीएम ने किया निर्वाचन कार्मिकों के प्रशिक्षण का निरीक्षण
- दो पालियों में निर्वाचन कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन कार्मिकों का प्रशिक्षण चल रहा है। मंगलवार को श्रीगणेश इंटर कॉलेज के सभागार में कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने चुनाव आचार संहिता की जानकारी दी। दो पालियों में हुए इस प्रशिक्षण में 28 कार्मिक अनुपस्थित रहे। डीएम ने नाराजगी जताई है। अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतदान को जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान कार्मिकों को दो पालियो में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के संबंध में चुनाव प्रक्रिया से संबंधी सभी मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रथम पाली में 13 व द्वितीय पाली में 15 कार्मिक अनुपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा द्वारा दोनों पालियों में अनुपस्थित 28 कार्मिकों के विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिए हैं। सीडीओ सचिन, जिला विकास अधिकारी संजय एवं जिला प्रशिक्षण अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# बुजुर्ग मतदाताओं के आशीर्वाद से परिवार के समर्थन की आस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को बूथों पर बेहतर सुविधाएं देने का इंतजाम प्रशासन की ओर से किया जाएगा। इसके लिए दिशा निर्देश जारी हो गए हैं। उम्मीदवार भी बुजुर्ग मतदाताओं के आशीर्वाद की आस इस उम्मीद में कर रहे हैं कि उनके पूरे परिवार का समर्थन मिल सकेगा।

बुजुर्गों और दिव्यांगों के सहयोग के लिए प्रशासन संसाधन उपलब्ध कराएगा। अभी से बूथों पर रैंप देखी जा रही है। व्हील चेयर का इंतजाम रहेगा। बुजुर्गों को सहारा देने के लिए भी वहां सहयोगी मौजूद रहेंगे। संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट व्यवस्थाओं पर नजर रखेंगे। डीएम सुधा वर्मा ने दिशा निर्देश जारी किए दिए हैं।

### आंकड़े की नजर से

| विधानसभा क्षेत्र | बुजुर्ग मतदाता | दिव्यांग मतदाता |
|---|---|---|
| कासगंज | 6068 | 3691 |
| पटियाली | 6251 | 4410 |
| अमांपुर | 5561 | 3076 |

# अमांपुर में हनुमान जी को भक्तों ने चोला चढ़ाया

संवाददाता, अमांपुर



अमांपुर के प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में हवन में आहुति देते श्रद्धालु।

- हवन कुंड में आहुति देकर श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना की

अमृत विचार : कस्बा में हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा के उपलक्ष्य में मंगलवार को प्रचीन श्रीराम जानकी मंदिर में हवन-यज्ञ व हनुमान चालीसा के पाठ हुआ। भक्तों ने हनुमानजी की प्रतिमा पर चोला चढ़ाया और श्रृंगार किया। कस्बा में जगह-जगह भंडारे और शर्बत का भी वितरण किया गया।

याज्ञाचार्य पंडित गुड्डू पाराशर ने विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण से हवन-यज्ञ संपन्न कराया।

इसके साथ ही दोपहर में कस्बा के एटा रोड, कालेज रोड, गुडमंडी, सहावर रोड पर हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन भी किया गया। विधायक हरिओम वर्मा, समाजसेविका सुलोचना गुप्ता, नगर संघचालक राकेश पाराशर, दिनेश अग्रवाल, धीरज गुप्ता, हरिओम गुप्ता, सुनील गुप्ता, कमल गुप्ता, नगर अध्यक्ष विजय प्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता, केशवदेव गुप्ता, विष्णु गोयल, सुधीर सर्राफ, आकाश गुप्ता सर्राफ, राहुल जौहरी, डॉ पवन माथुर, सोनू गुप्ता, पुष्पेंद्र वर्मा, सन्तोष पालीवाल, सजीव माहेश्वरी, देवेंद्र पालीवाल, अशोक शाक्य, विकास दादा व अन्य मौजूद रहे।

## लाखों की ठगी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

कासगंज, अमृत विचारः नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी के आरोपी द्वारा अग्रिम जमानत के लिए न्यायालय में अर्जी प्रस्तुत की। जिसे पर्याप्त आधार न होने के कारण जिला जज ने खारिज किया है।

ढोलना थाना निवासी हेमंत कुमार वर्मा ने न्यायालय के आदेश से हरियाणा के थाना फतेहपुर निवासी जगदीश कुमार व जम्मू कश्मीर के श्रीनगर निवासी डा. मंजूर अहमद, शिबू व हारून नवी के विरुद्ध थाना ढोलना में 27 जनवरी 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप लगाया कि आरोपियों ने उससे अधिकारी के पद पर आपकी नौकरी लगवाने के लिए 60 लाख रुपए की मांग की। आरोपियों की बातों पर विश्वास करके अपने व पत्नी के खाते से आरोपियों द्वारा बताए गए विभिन्न बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर कर दिए। नौकरी लगी न ही रुपये वापिस मिले। आरोपी जगदीश कुमार ने प्रकरण में झूठा फंसाया जाना बताते हुए अग्रिम जमानत की गुहार लगाई। जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव सिंह यदुवंशी ने कड़ा विरोध किया।

# सियासी महत्वाकांक्षा ने बदल दी दलीय आस्था

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- एक ही परिवार के लोग अलग-अलग पार्टियों में जताए हैं निष्ठा

अमृत विचार : राजनैतिक महत्वाकांक्षा घरों-परिवारों में जगह बनाने लगी है। रिश्तों में भी दलीय पाले खिंच गए हैं। एक ही परिवार के लोग अलग-अलग दलों में निष्ठा जताए हैं। ऐसे परिवार जिनकी निष्ठा किसी सियासी विचारधारा के प्रति स्थाई मानी जाती रही वे भी इस बार बिखरे नजर आ रहे हैं।

पांच बार विधायक रह चुके भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता नेतराम सिंह पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बहुत करीबी माने जाते थे। एक बार नेतराम सिंह का टिकट कट रहा था तो कल्याण सिंह ने भाजपा से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी थी। अंततः पार्टी को नेतराम को टिकट देना पड़ा। इसके बाद नेतराम सिंह का परिवार कुछ समय के लिए सपा में शामिल हो गया। यह बात कल्याण सिंह को नागबार गुजरी। उन्होंने रिश्तों की दुहाई देते हुए उन्हें मना लिया और वापस ले आए। नेतराम सिंह की मृत्यु के बाद से उनके पुत्र डा. बीडी राना और प्रवेंद्र राना भाजपा में सक्रिय रहे। दोनों पर ही भाजपा के दायित्व रहे। पिछले दिनों प्रवेंद्र राना ने भाजपा छोड़ सपा का दामन थाम लिया है जबकि डा. बीडी राना अभी भाजपा में हैं। इसके अलावा सपा के कद्दावर नेता रहे पूर्व सांसद देवेंद्र सिंह यादव पिछले दिनों भाजपा में शामिल हो गए । जबकि उनकी बेटी किरण यादव सपा में आस्था जताए हुए हैं और सपा प्रत्याशी की जीत के लिए मतदाताओं से समर्थन की अपील कर रही हैं।




## सेवानिवृत्ति पर पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई

कासगंज, अमृत विचारः पुलिस कार्यालय में सोमवार को सेवानिवृत्त कर्मियों का मिलाई कार्यक्रम हुआ। एसपी सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने सेवानिवृत्ति पर जा रहे उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद, मुख्य आरक्षी नाहर सिंह पाल को भावभीनी विदाई दी। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसपी ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी पुलिस कर्मी समाज और विभाग के लिए समय समय पर अपनी सेवाएं देते रहेंगे। सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल ओढ़ाई व स्मृति चिन्ह दिए गए। आरआई रविंद्र मलिक, एएसपी राजेश भारती सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## थ्रेसर में हाथ आने से युवक की मौत

एटा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम नगला रनुआ में मंगलवार को सुबह 6:55 बजे संजय पुत्र लोकमन की थ्रेसर से गेहूं निकालने के दौरान हाथ आ जाने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पंचनामा की औपचारिकता पूर्ण करते हुए मुख्यालय भेज दिया।पीड़ित परिवार ने मुआवजे की मांग की है।

# मतदाताओं तक घर-घर पहुंचाई जा रहीं वोटर पर्चियां

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



चित्रगुप्त कॉलोनी में वृद्धा का घर जाकर वोट डलवाते निर्वाचन कार्मिक।

अमृत विचार : मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर पर्चियां वितरण के कार्य ने गति पकड़ ली है।

सहावर के गढ़का गोव में जाकर डिप्टी कलेक्टर विनोद कुमार जोशी ने घर-घर जाकर मतदान पर्ची एवं वोटर गाइड का वितरण किया। इसी तरह उप जिलाधिकारी पटियाली ने नगर पंचायत भरगैन में घर-घर जाकर बांटी मतदान पर्ची एवं वोटर गाइड बांटी। तहसील कासगंज के गांव घिनौना में उप जिलाधिकारी विमल कुमार प्रदीप ने भी घर-घर जाकर मतदान पर्ची एवं वोटर गाइड बांटी। 'स्वीप' कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्राम अल्लीपुर बरवारा के गेंदा देवी महाविद्यालय की छात्राओं ने हाथों पर मेंहदी रचाकर पहले मतदान, फिर जलपान जैसे स्लोगन लिखकर मतदाताओं को जागरूक किया। इसी के साथ मतदान टीम ने दिव्यांग एवं 85 आयुवर्ग के 132 मतदाताओं से घर-घर जाकर मतदान कराया।

खेती-किसानी

जिले में तैयार की जा रही गुड़हल की खेती की योजना, किसान बनेंगे आर्थिक समृद्ध

# गुड़हल से किसानों के जीवन में आएगी खुशहाली

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



> गुड़हल की खेती की योजना बनाई जा रही है। किसानों को जागरूक किया गया है। कई किसान इस खेती के लिए तैयारी कर चुके हैं। **- सुबोध कुमार,** उद्यान निरीक्षक

अमृत विचार : फूल जीवन में खुशियां महकाते हैं। खिलते हुए फूल और हरी सब्जियों वाली टहनियां भला किसको आकर्षित नहीं करती। वैसे तो जिले में गेंदा और गुलाब की खेती पहले से होती है, लेकिन अब गुड़हल की खेती की योजना बनाई गई है। यह खेती में आयुर्वेद की दृष्टि से भी उत्तम है और किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध भी बनाएगी।

गुड़हल के पौधे लगाने के लिए दोमट मिट्टी को उत्तम माना गया है। इसको चिकनी मिट्टी के साथ-साथ लाल मिट्टी में भी लगाया जा सकता है। इसमें भी इसकी पैदावार तेजी से होती है। अगर इसको लाल मिट्टी में लगाया जाए तो इसके फूल बहुत ही अच्छे होते हैं। इसके अलावा इसके किसी तरह की मिट्टी में भी लगाया जा सकता है। उद्यान विभाग द्वारा अब इस खेती की योजना बनाई गई है। जिले के दो दर्जन किसान इस खेती के लिए अब तक तैयार हो चुके हैं। गुड़हल की खेती की शुरूआत वैसे तो जून माह में हो जाती है, लेकिन यह खेती अगस्त के बाद रफ्तार पकड़ती है। जून में सिर्फ पौध तैयार होती है। अगस्त में इसका रोपण होता है।

### बेहद कारगर है गोबर की खाद

गुड़हल को लगाने के बाद इसमें आर्गेनिक खाद का प्रयोग करना चाहिए। इससे गुड़हल का पेड़ तेजी से फैलता है और इसके साथ ही इसमें फूल भी अच्छे लगते हैं। इमसें गोबर खाद का अगर प्रयोग समय-समय पर किया जाए तो यह पौधा जल्द ही विशाल पेड़ का रूप ले लेता है। खाद डालने के लिए कम से कम 12 से 15 दिन का अंतर होना बहुत ही जरूरी है। अगर इसको धूप मिलती रहे तो इसका विकास बढ़िया तरीके से होता है। केले के छिलके से बनाया गया फर्टिलाइजर गुड़हल के वृक्ष के लिए अगर इस्तेमाल किया जाए तो यह बहुत ही बढ़िया रहता है। इसका प्रयोग महीने में दो बार कर दिया जाए तो इसमें बहुत जल्दी फूल आने लगते हैं।

### गुड़हल की किस्में

देशी गुड़हल के अलावा इसकी कई किस्में होती है। देशी गुड़हल, बेंगलुरु गुड़हल,कोलकाता गुड़हल, इंग्लिश गुड़हल,अमरीकन गुड़हल नाम की कई किस्में देखने को मिलती हैं।

